**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**25 अप्रैल 2025, समय 1810**

- **पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उन्हें अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने आज जींद से नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत चल रही साइक्लोथॉन को आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खाप युवाओं को नशों से मुक्ति में अहम योगदान दे सकते हैं।**
- **मुख्यमंत्री ने खाप प्रतिनिधियों से हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में सहयोग मांगा।**
- **राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती के WAVES OTT प्लेटफार्म की शुरुआत का उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी की समृद्ध विरासत को डिजिटल दर्शकों तक पहुंचना है।**
- **मुस्लिम समाज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे लोगों की हत्या की कड़ी निंदा की।**

*******************************************************************************

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उनसे अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि वे पाकिस्तान को उनकी शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं। गृह मंत्री आज शाम नई दिल्ली में सिंधु जल संधि के संबंध में एक बैठक भी करेंगे। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे।

*******************************************************************************

हरियाणा को नशा मुक्त करने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए  जागरूकता फैला रही साइक्लोथॉन को आज सुबह जींद से मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने झंडी दिखाकर रवाना

किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा 5 तारीख को हिसार से रवाना की गई थी जो  अब गांवों कस्बों से होती हुई जींद से अपने  आगे के गंतव्य की तरफ बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा-

इससे पहले मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और इसके उपरांत प्रतिभागियों के साथ साइक्लोथॉन का हिस्सा बने। इस यात्रा में स्कूलों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों से युवाओं के अलावा , पुलिस, एनसीसी, एनएसएस तथा अन्य संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खाप युवाओं को नशे से मुक्ति में अहम योगदान दे सकती हैं। क्योंकि खापों का समाज में विशेष प्रभाव रहा है। युवा खापों से संस्कार सीखते रहे हैं।मुख्यमंत्री जींद में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद जींद में हरियाणा के खाप प्रतिनिधियों के साथ बातचीत  कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नशे के पूरे समाज पर दुष्प्रभाव आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा -

श्री नायब सिंह सैनी  ने कहा कि खाप प्रतिनिधि एक मुहिम  चलाएं और युवाओं को नशे से दूर रखें और नशामुक्त हरियाणा बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए सरकार व उनसे खापें जितना भी सहयोग चाहेंगी, वह दिया जाएगा।खाप प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें बुलाने व  चर्चा तथा मान-सम्मान देने  के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। प्रतिनिधियों ने अनेक सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की । इसके साथ ही उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन  खोलने की भी मांग भी रखी।इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और  विधायक रामकुमार गौतम  भी मौजूद रहे।
**********************************************************************
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार संविधान निर्माता भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर एवं धर्मशाला की तरफ से आयोजित डा. बीआर अंबेडकर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को सशक्त बनाने, अति पिछड़े लोगों को खुशहाल बनाने, हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है ताकि इस साल बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद

किया जा सके।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन गरीब, अति पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिए समर्पित कर दिया। इस देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन संघर्ष किया, समाज में जाति पाति, छुआछूत, असमानता को दूर करने के साथ-साथ हर व्यक्ति को न्याय दिलवाने का काम किया। आजादी के आंदोलन में भी बाबा साहेब ने अपना योगदान दिया।इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का उदघाटन किया और संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

***************************************************************************

राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती ने लगातार बदलते मीडिया परिदृश्य के साथ विकसित होने का प्रयास किया है। **WAVES ओ टी टी प्लेटफॉर्म** की शुरुआत इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है जिसका उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी की समृद्ध विरासत को आज के डिजिटल दर्शकों की मांग के साथ जोड़ना है।दूरदर्शन के उप महानिदेशक सुमीत गोयल ने आज चंडीगढ़ में प्रसार भारती द्वारा पिछले साल शुरू किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म की सामग्री और उद्देश्य के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए यह बात कही।उन्होंने मीडिया को बताया कि सार्वजनिक प्रसारक के ओटीटी प्लेटफॉर्म WAVES में विविध सामग्री का संग्रह है जिसमें 1850 से अधिक फीचर फिल्में, 590 शो, लगभग 9295 ई-बुक्स और जर्नल शामिल हैं जो युवाओं और बुजुर्गों दोनों पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करते हैं।,ओटीटी प्लेटफॉर्म 74 से अधिक टीवी चैनलों और विभिन्न रेडियो स्टेशनों तक पहुंच प्रदान करता है जो वास्तविक समय में मनोरंजन और सूचना सुनिश्चित करता है। इस पर इंटरैक्टिव गेम, लाइव इवेंट और यहां तक कि ऑनलाइन शॉपिंग भी उपलब्ध है ।श्री गोयल ने कहा कि वेव्स, एक निःशुल्क ओटीटी प्लेटफॉर्म है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, वेव्स नेशनल क्रिएटर अवार्डी कंटेंट क्रिएटर्स को भी अपना प्लेटफॉर्म देगा।उप महानिदेशक ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म सिर्फ एक डिजिटल उद्यम नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक कहानियों को फिर से जीवंत करने और उन्हें आधुनिक माध्यमों के माध्यम से प्रस्तुत करने का एक आंदोलन है।

*************************************************************************

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की है। एक बयान में आयोग ने कहा कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुडे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें मानवता के खिलाफ इस अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए।

******************************************************************************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे लोगों की हत्या की  मुस्लिम समाज ने भी कठोर शब्दों में निंदा की है।आज जींद में जुमे की नमाज के दौरान इकट्ठा हुए मुस्लिम समाज ने  पहलगांव की  घटना की भर्तसना की।मुस्लिम कल्याण समिति के जिला प्रधान डॉक्टर इस्लाम खान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह घटना बहुत ही अमानवीय है और इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इस प्रकार की जघन्य घटना को अंजाम दिया है वें मुसलमान नहीं हो सकते। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाने की मांग की।